Regarding pollution from NTPC Plant

श्री लालजी वर्मा **(अम्बेडकर नगर) :** मान्यवर, हमारे क्षेत्र में एनटीपीसी प्रोजेक्ट है, जिसके ऐश डैम से हमेशा राख उड़ती रहती है और बरसात के दिनों में सीपेज के कारण उस इलाके के दर्जनों गांव प्रभावित होते हैं । उनका रहना मुश्किल हो रहा है । इनमें विशेषकर दो गांव हैं । पहला, खट्टे गांव है, जिसमें करीब 100 घर हैं । दूसरा, सरीफपुर गांव है, जिसमें 75 घर हैं । ये दोनों गांव चारों तरफ से घिरे हुए हैं, एक तरफ नहर है, दूसरी तरफ रेलवे लाइन है और तीसरी तरफ डैम है ।

मान्यवर, मैं यह कहना चाहता हूँ कि इन दोनों गांवों का अधिग्रहण करके इनकी आबादी को कहीं दूसरी जगह पुनर्स्थापित करने का कार्य किया जाए ।